दिनांकः 28.07.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार किए साझा– लोगों से हर घर तिरंगा अभियान और एक पेड़ मां के नाम कार्यकम से जुड़ने की अपील की ।
- मन की बात कार्यकम को लेकर प्रदेश में भी नजर आया उत्साह–कुल्हाडी बंद अभियान का जिक किये जाने से ग्रामीणों ने जताई खुशी।
- केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा –केन्द्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला साबित होगा।
- भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास।

**000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को हर घर तिरंगा अभियान और एक पेड़ मां के नाम कार्यकम से जुड़ने तथा सैल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने की अपील की हैं। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यकम में प्रधानमंत्री ने देश वासियों से 15 अगस्त से पहले अपने सुझाव उन तक भेजने का आग्रह करते हुए कहा कि वे स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में इन सुझावों को शामिल करने की कोशिश करेंगे।

--------------------

प्रधानमंत्री ने देश की संस्कृति पर गर्व करने और इस संबंध में हो रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने विभिन्न शहरों में सड़क किनारे दीवारों पर बनाई गई पेन्टिंग्स की प्रशंसा करते हुए कला और संस्कृति प्रेमियों से पब्लिक आर्ट पर काम

करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने हेंडलूम उत्पादो और इस काम मे लगे विभिन्न संगठनों तथा स्टार्टअप का उल्लेख करते हुए 7 अगस्त को मनाये जाने वाले राष्ट्रीय हेंडलूम दिवस को लेकर हेंडलूम कारीगरों के कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने हेंडलूम कामगारों से उनके उत्पादों को हैशटेग ''**माय प्रोडेक्ट माई प्राइड**'' पर अपलोड़ करने को कहा। प्रधानमंत्री ने देश में खादी का कारोबार डेढ़ लाख करोड़ रूपये के पार पहुंच जाने पर प्रसन्नता जताते हुए देशवासियों से खादी वस्त्रो को अपनाने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के चराइदेव मोइदाम को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किए जाने को गर्व की बात बताया है। प्रधानमंत्री ने कला और संस्कृति प्रेमियों से सार्वजनिक कला पर और अधिक काम करने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से ओलम्पिक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया।

श्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस कल मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाघ भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं और जंगलों के आसपास के गांवों में लोग बाघ के साथ सद्भाव से रहना जानते हैं। श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में चल रहे 'बाघ मित्र कार्यक्रम' का भी उल्लेख किया।

....................

000

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने को लेकर प्रदेशभर में खासा उत्साह देखा गया। प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना। जिलों में भी पार्टी कार्यकर्ताओं को सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुनाने के लिए व्यवस्थाएं की गई। बीकानेर में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। **अजमेर और बूंदी सहित विभिन्न जिलों** में आमजन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज दिल्ली स्थित भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में राजस्थान के रणथंभौर के 'कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान' का विशेष उल्लेख किया है। इस अभिनव पहल के अंतर्गत स्थानीय समुदायों ने वन क्षेत्र में कुल्हाड़ी नहीं लेकर जाने और वृक्षों की कटाई रोकने का प्रण लिया है। प्रधानमंत्री द्वारा इस अभियान की सराहना प्रकृति–प्रेमियों को प्रोत्साहित करने वाली है। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री उपस्थित रहे। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाघ संरक्षण को लेकर स्थानीय लोगों की भागीदारी और कुल्हाडी बंद पंचायत का जिक्र किये जाने से रणथम्भौर परियोजना के आसपास के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। बाघ परियोजना के सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक वाई.के. साहू ने कहा कि कुल्हाड़ी बंद पंचायत से बाघ संरक्षण को बढावा मिला है।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में बाघ संरक्षण की दिशा में ग्रामीणों की ओर से किये जा रहे प्रयासों का जिक्र किये जाने से रणथम्भौर बाघ परियोजना क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण उत्साहित हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

...................

प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम और एक वृक्ष देश के नाम अभियान को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में बीकानेर में बीएसएफ के जवानों ने सरहदी क्षेत्र में पौधारोपण किया।

000

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि राजस्थान में बुनियादी ढांचे, उद्योग, ऊर्जा और पर्यटन पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। श्री खट्‌टर ने आज जयपुर में केन्द्रीय बजट को लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए बजट के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला होगा। उन्होंने कहा कि आम बजट में 12 नए औद्योगिक पार्कों को मंजूरी दी गई है, जिसमें जोधपुर, पाली, मारवाड़ औद्योगिक पार्क भी शामिल है. इसके बनने के बाद करीब 40 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रेसवार्ता के दौरान उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर और जयपुर सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद रहीं। इसके बाद श्री खट्टर प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रबुद्धजनों से केन्द्रीय बजट पर परिचर्चा की। केन्द्र की भाजपा सरकार की ओर से पेश किये गये बजट में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए कई प्रावधान किये गये हैं। बजट के मुख्य प्रावधानों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और केन्द्रीय क़ानून मन्त्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि बजट देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। दोनों केन्द्रीय मंत्री बीकानेर में एक प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बीकानेर में बजट परिचर्चा कार्यक्रम में भी शिरकत की। मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने परिचर्चा में कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार प्रदेश का तेजी से विकास करेगी।

000

पेरिस ओलिंपिक के दूसरे दिन भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। मनु भाकर निशानेबाजी में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला खिलाडी बन गई हैं। उन्होंने दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में दो सौ 21 दशमलव सात अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। निशानेबाजी में भारत को 12 साल बाद पदक मिला

है। इससे पहले, रमिता जिंदल ने महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल्स के फाइनल में जगह बनाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलिम्पिक्स में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक तालिका खोलने के लिए मनु भाकर को बधाई दी है। वहीं राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उन्हें बधाई दी है।

0000